# वार्षिक प्रतिवेदन

## राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बन्जार, ज़िला कुल्लू (हि.प्र)

## सत्र : 2025–26

(27वां वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह दिनांक, 19 मार्च 2026)

मुख्य अतिथि

**श्री राम सिंह मियां जी**

(अध्यक्ष, कृषि उपज बाजार समीति, ज़िला कुल्लू एवं लाहौल स्पीति )

प्रस्तुति


**प्रो. राजेश कुमार सिंह**

प्राचार्य, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बन्जार
कुल्लू (हि.प्र.) 175123

# वार्षिक प्रतिवेदन

# राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बन्जार (हि.प्र.)

# सत्र : 2025–2026

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बन्जार के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि श्री राम सिंह मियां जी का मैं अपने व समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करता हूँ तथा यहां उपस्थित शिक्षक वर्ग, गैर शिक्षक कर्मचारी, शिक्षक–अभिभावक संघ के सदस्य, पत्रकार बन्धु एवं उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों का भी स्वागत करता हूँ। इस सुअवसर पर महाविद्यालय की गतिविधियों तथा उपलब्धियों से आप सभी को अवगत करवाने का मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ है। महोदय, छात्र जीवन के लिए वार्षिक उत्सव अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि वर्ष भर की विभिन्न गतिविधियों में विद्यार्थियों द्वारा किया गया परिश्रम आज के दिन पुरस्कारों के रुप में फलीभूत होता है। पुरस्कार वितरण का यह समारोह महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों को नए सत्र में और अधिक उपलब्धियां प्राप्त करने के लिए प्रेरित करता है। महोदय, आप की अनुमति से मैं अब सत्र 2025–26 के दौरान महाविद्यालय की विभिन्न उपलब्धियों व गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत कर रहा हूँ।

## संस्थान परिचय

**19 मई 1999** में महाविद्यालय के प्रारम्भ में यहाँ मात्र **5 प्राध्यापक तथा 84 विद्यार्थी** थे। आज विद्यार्थियों की संख्या 635 पंहुच गई है। शैक्षणिक कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए प्राचार्य के अतिरिक्त **16 प्राध्यापक तथा 10** गैर शिक्षक कर्मचारी कार्यरत हैं। इस शिक्षण संस्थान में एक कलासंकाय भवन है जिसमें विभिन्न प्रयोगशालाएँ, एक सेमिनारहॉल, परीक्षा हॉल, आई॰टी॰ प्रयोगशाला और पुस्तकालय हैं। उच्चशिक्षा की गुणवता को बनाए रखने के लिए आन्तरिक गुणवता आश्वासन सेल (IQAC) का गठन विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा–निर्देशों के तहत किया गया है। सत्र 2025–26 में डॉ. रमेश कुमार ने Co-Ordinator(IQAC) के पद पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। IQAC और वार्षिक प्रतिवेदन के आधार पर महाविद्यालय का मूल्यांकन NAAC द्वारा किया जाता है। इसी मूल्यांकन के आधार पर 20 से 22 अक्तूबर 2016 में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रमाणन

परिषद् (NAAC) द्वारा महाविद्यालय को **बी** ग्रेड प्रदान किया गया था। इसका कारण यह भी है कि महाविद्यालय में शिक्षा के साथ खेल–कूद, राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS), राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC) थलस्कन्ध, रोवर्स–रैंज़र और विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों को भी समान महत्व दिया जाता है।

## शिक्षक और गैर शिक्षक कर्मचारी

वर्तमान में महाविद्यालय में कुल **24** पदों में से **16** पद पर शिक्षक कार्यरत हैं तथा **08** पद रिक्त हैं। इसी प्रकार गैर शिक्षक कर्मचारी वर्ग के कुल 16 पदों में से 10 पद पर कर्मचारी नियुक्त हैं तथा **06** पद रिक्त हैं।

## महाविद्यालय बन्जार में शिक्षक वर्ग के स्वीकृत, नियमित, अनुबन्ध तथा रिक्त पदों की स्थिति का विवरण

| **क॰सं॰** | **पद की श्रेणी**<br>**सहायक प्रोफेसर** | **स्वीकृत पदों की संख्या** | **नियमित आधार पर पदों की संख्या** | **रिक्त पद** | **अतिरिक्त अपेक्षित कर्मचारी** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अंग्रेजी | 03 | — | 03 | — |
| 2. | गणित | 02 | 02 | — | — |
| 3. | लोक प्रशासन | 01 | 01 | — | — |
| 4. | वांणिज्य विभाग | 02 | 02 | — | — |
| 5. | मुखर संगीत | 01 | 01 | — | — |
| 6. | वाद्य संगीत | 01 | 01 | — | — |
| 7. | शारीरिक शिक्षा | 01 | 01 | — | — |
| 8. | इतिहास | 01 | 01 | — | 01 |
| 9. | हिन्दी | 01 | 01 | — | 01 |
| 10. | अर्थशास्त्र | 01 | 01 | — | — |
| 11. | भूगोल | 02 | 01 | 01 | — |
| 12. | संस्कृत | 01 | — | 01 | — |
| 13 | राजनीति शास्त्र | 01 | 01 | — | 01 |
| 14. | भौतिकी विज्ञान | 02 | 01 | 01 | — |
| 15. | रसायन विज्ञान | 01 | — | 01 | 01 |
| 16. | वनस्पति विज्ञान | 01 | — | 01 | 01 |
| 17. | जीवविज्ञान | 01 | 01 | — | 01 |
| 18. | समाज शास्त्र | 01 | 01 | — | — |
| | **कुल पद** | **24** | **16** | **08** | **06** |

# महाविद्यालय बन्जार में गैर शिक्षक वर्ग के स्वीकृत, कार्यरत तथा रिक्त पदों की स्थिति का विवरण

| क्र.सं. | पद की श्रेणी गैर शिक्षक वर्ग | स्वीकृत पदों की संख्या | कार्यरत पदों की संख्या | रिक्त पद | अतिरिक्त अपेक्षित कर्मचारी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अधीक्षक (ग्रेड–1) | 01 | 01 | — | — |
| 2. | अधीक्षक (ग्रेड–2) | 01 | 01 | — | |
| 3. | वरिष्ठ सहायक | 01 | — | 01 | — |
| 4. | लिपिक | 01 | — | 01 | — |
| 5. | स्टोरकीपर | 01 | — | 01 | — |
| 5. | पुस्तकालय अध्यक्ष | 01 | — | 01 | — |
| 6. | कनिष्ठ कार्यालय सहायक पुस्तकालय | 01 | — | 01 | — |
| 7. | पुस्तकालय सहायक | 01 | 01 | | नया पद स्वीकृत हुआ है। |
| 8. | वरिष्ठ प्रवक्ता सहायक | 02 | 02 | — | — |
| 9. | कनिष्ठ प्रवक्ता सहायक | 02 | 02 | — | — |
| 10. | प्रयोगशाला परिचारक | — | — | — | 04 |
| 11. | चपरासी/सेवादार | 02 | 02 | — | 01 |
| 12. | चौकीदार | 01 | — | 01 | — |
| 13. | मेहतर | 01 | 01 | — | — |
| | **कुल पद** | **16** | **10** | **06** | **05** |

## आगमन

श्री चन्द्रकांत, अधीक्षक ग्रेड–2 महाविद्यालय परिवार में सम्मिलित हुए। श्रीमती शोभा देवी तथा श्री हिम्मत राम वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक तथा श्री भोला राम तथा श्री नीरत सिंह कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायक के रुप में महाविद्यालय परिवार में सम्मिलित हुए। श्रीमती सोनू देवी तथा राजेन्द्र सिंह (सेवादार) के रुप में महाविद्यालय परिवार में सम्मिलित हुए।

## स्थानान्तरण

श्री दीपक कुमार सिंह का स्थानांतरण अक्टूबर माह में राजकीय महाविद्यालय जोगिन्दर नगर हुआ तथा डॉ. लीना वैद्या का स्थानान्तरण नवम्बर माह में राजकीय महाविद्यालय पनारसा में हुआ। गैर शिक्षक वर्ग में श्री रजनीश कुमार वरिष्ठ सहायक

जनवरी माह में राजकीय महाविद्यालय निरमण्ड तथा श्री राजेन्दर सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अरसू स्थानांनतरित हुए।

## नामांकन

सत्र 2025–26 में संस्थान के शैक्षणिक सत्र की कुल संख्या 635 है जिसमें **213** छात्र व **420** छात्राएं तथा **02** विद्यार्थी शारीरिक रुप से अक्षम हैं। विभिन्न श्रेणियों के विद्यार्थियों का नामांकन का विवरण इस प्रकार से है :

| क्र॰ सं॰ | संकाय | कक्षा | सामान्य वर्ग | | अनुसूचित जाति | | अनुसूचित जनजाति | | अन्य पिछड़ा वर्ग | | आई.आर. डी. पी. | | कुल छात्र | कुल छात्राएं | कुल जमा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | छात्र | छात्रा | छात्र | छात्रा | छात्र | छात्रा | छात्र | छात्रा | छात्र | छात्रा | | | |
| 1 | कला स्नातक | कला स्नातक प्रथम वर्ष | 50 | 92 | 24 | 23 | 01 | 0 | 01 | 04 | 01 | 07 | 77 | 126 | 203 |
| | | कला स्नातक द्वितीय वर्ष | 44 | 123 | 11 | 19 | 01 | 0 | 0 | 02 | 02 | 01 | 58 | 145 | 203 |
| | | कला स्नातक तृतीय वर्ष | 48 | 89 | 05 | 19 | 0 | 0 | 0 | 06 | 0 | 01 | 53 | 115 | 168 |
| | | **कुल** | **142** | **304** | **40** | **61** | **02** | **0** | **01** | **12** | **03** | **09** | **188** | **386** | **574** |
| 2 | वाणिज्य स्नातक | वाणिज्य स्नातक प्रथम वर्ष | 02 | 06 | 0 | 02 | 0 | 0 | 01 | 0 | 0 | 0 | 03 | 08 | 11 |
| | | वाणिज्य स्नातक द्वितीय वर्ष | 04 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 04 | 0 | 04 |
| | | वाणिज्य स्नातक तृतीय वर्ष | 0 | 01 | 01 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 01 | 01 | 02 |
| | | **कुल** | **06** | **07** | **01** | **02** | **0** | **0** | **01** | **0** | **0** | **0** | **08** | **09** | **17** |
| 3 | विज्ञान स्नातक | विज्ञान स्नातक प्रथम वर्ष | 07 | 11 | 04 | 03 | 0 | 0 | 0 | 01 | 0 | 0 | 11 | 15 | 26 |
| | | विज्ञान स्नातक द्वितीय वर्ष | 02 | 04 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 01 | 0 | 0 | 02 | 05 | 07 |
| | | विज्ञान स्नातक तृतीय वर्ष | 03 | 05 | 01 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 04 | 05 | 09 |
| | | **कुल** | **12** | **20** | **05** | **03** | **0** | **0** | **0** | **02** | **0** | **0** | **17** | **25** | **42** |
| | | **कुल जमा** | **160** | **331** | **46** | **66** | **02** | **0** | **02** | **14** | **03** | **09** | **213** | **420** | **633+02 (विकलांग )=635** |

# वार्षिक परीक्षा परिणाम

यह हम सब के लिए गर्व का विषय है कि विद्यार्थियों की मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर इस वर्ष इस संस्थान के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है। परिणाम का विवरण निम्नलिखित है :

| क्र॰सं॰ | संकाय एवं कक्षा | कुल छात्र | उत्तीर्ण छात्र | महाविद्यालय प्रतिशतता |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कला स्नातक प्रथम वर्ष | 201 | 130 | 65 |
| 2. | द्वितीय वर्ष | 169 | 132 | 78 |
| 3. | तृतीय वर्ष | 226 | 194 | 86 |
| 1. | वाणिज्य स्नातक प्रथम वर्ष | 03 | 02 | 67 |
| 2. | द्वितीय वर्ष | 02 | 0 | - |
| 3. | तृतीय वर्ष | 07 | 02 | 29 |
| 1. | विज्ञान स्नातक प्रथम वर्ष | 10 | 07 | 70 |
| 2. | द्वितीय वर्ष | 08 | 06 | 75 |
| 3. | तृतीय वर्ष | 11 | 09 | 82 |

# विशेष उपलब्धियां

- राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार में राजनीति शास्त्र विभाग, लोक प्रशासन विभाग तथा मानव संसाधन विभाग, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से 21 से 27 मई 2025 तक ''राजनिति विज्ञान परिभाषा शब्दकोष'' कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य रुप से Commissionar for Scientific and Technical Terminology के डायरेक्टर डॉ. अंसारी अध्यक्ष के रुप में शामिल हुए। इसमें देश भर के विषय विशेषज्ञों ने भाग लिया। यह राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला बंजार महाविद्यालय के अत्यंत गौरवमयी करने वाली उपलब्धि है।
- राजकीय महाविद्यालय लम्बाथाच में आयोजित सरदार पटेल विश्वविद्यालय की अन्तर–महाविद्यालय टेबल टैनिस प्रतियोगिता में महाविद्यालय की महिला टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीम में कशिश, प्रियंका ठाकुर, मनीषा ठाकुर तथा सुशीला शामिल रही। इसी प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में आर्यन ठाकुर, रोहित ठाकुर, लोकेन्द्र सिंह तथा अशमित जंबाल की बदौलत महाविद्यालरय की टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता में

उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर महाविद्यालय की प्रियंका ठाकुर, कशिश, रोहित ठाकुर तथा आर्यन ने सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी का अन्तर–विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में प्रतिनिधित्व कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

- विश्वविद्यालय की वुशू प्रतियोगिता में बी0ए0 प्रथम वर्ष की प्रतिभा सेठी ने 52 कि0ग्रा0 भार वर्ग में रजत पदक, बी0ए0 द्वितीय वर्ष के छात्र योगेन्द्र ठाकुर ने 65 कि0ग्रा0 भार वर्ग में रजत पदक, बी0ए0 द्वितीय वर्ष की दिशा ठाकुर ने 56 कि0ग्रा0 भार वर्ग में कांस्य पदक तथा बी0ए0 द्वितीय वर्ष के सतेन्द्र ठाकुर ने 52 कि0ग्रा0 भार वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया।
- अन्तर महाविद्यालय हैंडबॉल प्रतियोगिता में पहली बार भाग लेते हुए महाविद्यालय की पुरुष टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। टीम के खिलाड़ियों विकास कुमार, लोकेन्द्र ठाकुर तथा सतेन्द्र ठाकुर का चयन अन्तर–विश्वविद्यालय हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ।
- बी0ए0 द्वितीय वर्ष की छात्रा चेताली ने उतर प्रदेश के लखनऊ स्थित इंटरग्रल यूनिवर्सिटी में आयोजित हुई उतर क्षेत्रिय महिला अन्तर–विश्वविद्यालय में वॉलीबाल प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी की महिला बॉलीवाल टीम का प्रतिनिधित्व कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया।
- महाविद्यालय की बी0एससी0 प्रथम वर्ष की छात्रा मनीषा ठाकुर, बी0 ए0 द्वितीय वर्ष की छात्रा करीना चौहान तथा बी0ए0 अन्तिम वर्ष के विकास कुमार ने सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी की बॉस्केट बाल टीमों का उतर क्षेत्रिय अन्तर–विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में प्रतिनिधित्व किया।
- सरदार पटेल विश्वविद्यालय द्वारा 13 से 15 नवम्बर 2025 तक राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में आयोजित युवा उत्सव ग्रुप–1 में महाविद्यालय की छात्रा समृद्धि वर्मा ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।
- सरदार पटेल विश्वविद्यालय द्वारा 13 से 15 नवम्बर 2025 तक राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में आयोजित युवा उत्सव ग्रुप–3 प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने लोक नृत्य (नाटी) में प्रथम स्थान हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

- 23 से 25 दिसम्बर 2025 तक राजकीय महाविद्यालय करसोग में सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी द्वारा आयोजित युवा समारोह ग्रुप–2 में महाविद्यालय की छात्रा मधु, बी.एस.सी प्रथम वर्ष ने वेस्टर्न सोलो में प्रथम, अनु कुमारी, बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा ने लोक गायन में द्वितीय तथा ग़ज़ल गायन में तृतीय स्थान और वेस्टर्न ग्रुप सांग में महाविद्यालय ने तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।
- राजकीय महाविद्यालय बंजार में राजनीति शास्त्र व लोक प्रशासन विषय एवं हिमालयन कांउसिल फॉर सांईटिफिक रिसर्च के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय सम्मेलन 26 दिसम्बर 2025 से 27 दिसम्बर 2025 तक “Modernization and Social Transformation : Pathways, Challenges and Futures” का आयोजन किया गया।
- राजकीय महाविद्यालय बंजार में राजनीति शास्त्र व लोक प्रशासन विषय एवं हिमालयन कांउसिल फॉर सांइटिफिक रिसर्च के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय शिक्षक विकास कार्यक्रम 11-02-2026 to 18-02-2026 (FDP) का आयोजन किया गया।

## छात्रवृतियाँ

सत्र 2025–26 में अलग–अलग योजनाओं के द्वारा विभिन्न वर्ग के 50 विद्यार्थियों को छात्रवृतियाँ प्रदान की गई जिसमें 10 छात्र तथा 40 छात्राएं शामिल है।

## विकासात्मक कार्य

महोदय जी, आधुनिक युगसूचना एवं प्रौद्योगिकी का युग है जिसके परिणामस्वरुप शिक्षा का स्वरुप भी बदल रहा है। इसलिए उत्कृष्ट महाविद्यालय योजना तथा रुसा–II अनुदान के तहत महाविद्यालय मे सूचना एवं प्रौद्योगिकी (Information and Technology) सेक्टर के विस्तारीकरण पर अधिक बल दिया गया है। महाविद्यालय की वेबसाईट विकसित की गई है जिसमें विद्यार्थियों तथा अन्य हितधारकों को जानकारी प्रदान करने के लिए दैनिक गतिविधियों से सम्बन्धित सूचना का अभिभारण (Upload) किया जाता है।

महोदय जी महाविद्यालय में प्रवेश से लेकर कार्यालय का कार्य ऑनलाईन प्रबन्धन प्रणाली (Online Management System) के द्वारा किया जाता है जिससे सभी विद्यार्थी इस सुविधा से लाभान्वित हो रहे है तथा वितीय रिपोर्ट भी स्वचालित रुप से उत्पन्न होती है।

विद्यार्थियों में संचार कौशल विकसित करने हेतु **भाषाप्रयोग शाला (Language Lab)** और भूगोल विषय में भौगोलिक सूचना प्रणाली से संबधित GIS Lab स्थापित हो चुकी है। महाविद्यालय में खेल अवसंरचना (Sports Infrastructure) का कार्य संपूर्ण हो चुका है तथा जिमनेजियम को नवीन स्वरुप प्रदान कर दिया गया है।

सुरक्षा नियमों को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय भवन व परिसर में 27C.C. TV Cameras हैं जिसके माध्यम से छात्र–छात्राओं की गतिविधियों व सुरक्षा को प्राध्यापकों द्वारा सुनिश्चित करते है।

सत्र 2025–26 में बॉस्केटबॉल कोर्ट का कार्य प्रगति पर है। प्रस्तावित कन्या छात्रावास की Boundary Fencing का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। कॉलेज परिसर में Inter Locking टाईल्स का कार्य प्रगति पर है।

विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धा के इस दौर में पुस्तकालय का भी नवीकरण किया गया है, जिसमें पुस्तकालय के एक भाग में Digital Library की स्थापना की गई है जिसमें विद्यार्थियों को ऑनलाईन पढ़ाई के 10 लिए कंप्यूटर तथा 10 टैबलेट है।

## पुस्तकालय

महाविद्यालय का पुस्तकालय किसी भी शैक्षणिक संस्था का एक अत्यंत महत्वपूर्ण अंग होता है। यह विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए ज्ञान का प्रमुख स्त्रोत होने के साथ–साथ अध्ययन एवं अनुसंधान की आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। इस उदेश्य की पूर्ति हेतु महाविद्यालय पुस्तकालय में 9,472 पुस्तकों का समृद्ध संग्रह उपलब्ध हैं, जिसमें विभिन्न विषयों तथा प्रतियोगी परीक्षाओं से संबधित पुस्तकें सम्मिलित है।

पुस्तकालय में पांच प्रमुख हिन्दी एवं अंग्रेज़ी समाचार पत्र The Tribune, The Indian Express, पंजाब केसरी, अमर उजाला तथा दिव्य हिमाचल नियमित रुप से उपलब्ध कराए जाते है। इसके अतिरिक्त विभिन्न प्रतिष्ठित पत्रिकाएं जैसे प्रतियोगिता दर्पण, आउटलुक, J.R.S., Science Refresher हंस तथा तीन जनरल कुरुक्षेत्र, योजना और सांईस रिपोर्टर भी पाठकों के लिए उपलब्ध है।

पुस्तकालय को INFLIBNET N-LIST योजना तथा One Nation One Subscription (ONOS) कार्यक्रम की सुविधाएं प्रदान की गई है, इसमें ई–संसाधनों तक विद्यार्थियों की पहुंच सुनिश्चित होती है। साथ ही विद्यार्थियों के लिए डिजिटल सुविधाएं जैसे ई–बुक, ई–जर्नल, इंटरनेट एवं कंप्यूटर इत्यादि भी उपलब्ध कराए गए है।

पुस्तकालय में हाल ही में नए फर्नीचर की व्यवस्था की गई है जिसमें दो मैगज़ीन स्टैंड तथा 90 नई कुर्सियां तथा टेबल सम्मिलित है। आधुनिकीकरण के दौर में पुस्तकालय में एक डिजिटल विभाग भी बनाया गया है जिसमें विद्यार्थियों के लिए 10 टैबलेट स्थापित किए गए हैं। पुस्तकालय प्रतिदिन सुबह 10 बजे से सांय 5 बजे तक विद्यार्थियों के लिए खुला रहता है। यहां लगभग 100 छात्र–छात्राओं के बैठने की समुचित व्यवस्था उपलब्ध है।

इस प्रकार महाविद्यालय का पुस्तकालय अध्ययन, शोध एवं बौद्धिक विकास के लिए एक सुसज्जित एवं समृद्ध केन्द्र के रुप में कार्य कर रहा है।

## सूचना प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला

महाविद्यालय में सूचना प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला की स्थापना की गई है। प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला में इस समय 20 कंप्यूटर एक डिजीटल पोडियम तथा प्रोजेक्टर की सुविधा उपलब्ध है। अध्यापन कार्य रूचिपूर्ण बनाने एवं नई तकनीक से जोड़ने हेतु शैक्षणिक सत्र 2025–26 में तीनों संकायों की कक्षाएं समय–समय पर इस प्रयोगशाला मे लगायी जाती हैं। डॉ. अनिल कुमार के कुशल नेतृत्व मे विद्यार्थियों को परीक्षा परिणाम एवं ऑनलाइन परीक्षा एवं छात्रवृति फॉर्म भरने की सुविधा प्रयोगशाला में उपलब्ध करवाई गई है।

## महाविद्यालय पत्रिका

प्रौद्योगिकी के इस दौर में छात्रों की मौलिक लेखन प्रतिभा तथा वैचारिक चिंतन को अभिव्यक्ति का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से संस्थान की पत्रिका **'सिराज शिखा'** प्रतिवर्ष प्रकाशित की जाती है, जिसमें विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों पर विचार एवं भावनाओं को व्यक्त करने का अवसर प्राप्त होता है। पत्रिका के मुख्य सम्पादक डॉ. श्रवण

कुमार हैं तथा इस सत्र के विभिन्न विषयों के प्राध्यापक एवं छात्र सम्पादकों का विवरण इस प्रकार से है :

| **क्र.सं.** | **विभाग** | **प्राध्यापक सम्पादक** | **छात्र सम्पादक** |
|---|---|---|---|
| 1. | अंग्रेजी | | यमुना, बी.ए. तृतीय वर्ष |
| 2. | हिन्दी | कुमारी लता देवी | हिमानी, बी. ए. तृतीय वर्ष |
| 3. | पहाड़ी | श्री टिक्कम राम | विकास, बी.ए. तृतीय वर्ष |
| 4. | वाणिज्य | डॉ. डाबेराम | डूर सिंह ,बी.कॉम. द्वितीय वर्ष |
| 5. | विज्ञान | श्री विकास नेगी | अंजली, बी. एस सी. तृतीय वर्ष |

## अध्यापक–अभिभावक संघ

संस्थान के विभिन्न विकासात्मक कार्यों, छात्रों, अभिभावकों और महाविद्यालय प्रशासन के बीच बेहतर तालमेल के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार के नियमानुसार अध्यापक–अभिभावक संघ का गठन किया गया। इस वर्ष संस्थान के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सत्र 2025–26 के लिए अध्यापक अभिभावक संघ के लिए निम्न पदाधिकारियों का चुनाव किया गया :–

प्रधान : श्री मोहर सिंह
उप–प्रधान : श्री चमन ठाकुर
सचिव : डॉ. डाबेराम
सहसचिव : श्री नोक सिंह
लेखा परीक्षक : डॉ. प्रोविन्दर कुमार
मुख्य सलाहकार : श्रीमती दयावन्ती

## पूर्व छात्र संघ

2018–19 में प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में पूर्व छात्र संघ का गठन सर्वसम्मति से 14 जुलाई 2018 को किया गया था। 10 अगस्त 2023 को पूर्व छात्र संघ ने नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नई कार्यकारिणी इस प्रकार है–

–अध्यक्ष–राकेश ठाकुर
–वरिष्ठ उपाध्यक्ष–किशोरी लाल
–उपाध्यक्ष–योगेश्वरी
–सचिव–टिक्कम राम
–संयुक्त सचिव–नूतन सिंह
–कोषाध्यक्ष–
–लेखा परीक्षक(शिक्षक)–डॉ. डाबेराम
–लेखा परीक्षक(छात्र)–सतीश कुमार

**–शिक्षक सदस्य**
–श्री दीपककुमार सिंह
–डॉ. लीना वैद्या
–डॉ. विकास कुमार
–श्री रामानन्द

**छात्र सदस्य**

–अशोक कुमार
–डैविड काईस्था
–चोबेराम
–सोनी कुमार
–ज्योतिरादित्य सिंह ठाकुर

# प्राध्यापकों की शैक्षणिक उपलब्धियाँ

महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक जहाँ विद्यार्थियों के प्रति निष्ठावान है, वहीं ज्ञानार्जन एवं शोध कार्यों में भी लीन हैं। सत्र 2025–26 में संस्थान के प्राध्यापकों की शैक्षणिक उपलब्धियों का विवरण इस प्रकार है :

➢ **डॉ. रेनुका थपलियाल, भूगोल विभाग** ने "Modernisation, Development and Socio : Cultural Transformation of the Himalya" राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट, सोलन में 25–26 अक्टूबर 2025 (ऑनलाईन) तथा 28 अक्टूबर 2025 (ऑफलाईन) को आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठि का आयोजन किया।

– राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट, सोलन में Modernisation, Development and Socio : Cultural Transformation of the Himalya नामक अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठि में "Natural Calamities and Development in Himachal Pradesh: A Call for Sustainable Resilience" नामक शोध पत्र प्रस्तुत किया।

–राजकीय महाविद्यालय सैंज जिला कुल्लू एवं हिमालयन कांउसिल फार सांईटिफिक रिसर्च के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अंतराष्ट्रीय सम्मेलन (25 तथा 26 अक्टूबर 2025) में

"Climate Change and Its Impact on the Fragile Topography of Banjar Distt. Kullu H.P." नामक शोध पत्र  प्रस्तुत किया।

–राजकीय महाविद्यालय जोगिन्दर नगर तथा हिमालयन कांउसिल फार सांईटिफिक रिसर्च के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन (10 तथा 11 नवम्बर 2025) में "Indigenous Practices, Culture and Environment Conservation in The Himalyas" नामक शोध पत्र प्रस्तुत किया।

–राजकीय महाविद्यालय बंजार में राजनीति शास्त्र तथा लोक प्रशासन विषय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठि (26 तथा 27 दिसम्बर 2025) "Negative Implications of Artificial Intellingence in Education: Challenges to Learning, Equity and Academic Integrity" नामक शोध पत्र प्रस्तुत किया।

– राजकीय महाविद्यालय सैंज एवं हिमालयन कांउसिल फार सांईटिफिक रिसर्च के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय (1 से 7 जुलाई 2025) शिक्षक विकास कार्यक्रम में भाग लिया।

–राजकीय महाविद्यालय बंजार में राजनीति शास्त्र तथा लोक प्रशासन विषय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित में सात दिवसीय FDP (11 से 18 फरवरी 2026) शिक्षक विकास कार्यक्रम में भाग लिया।

–विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय जनरल में प्रकाशित होने वाले शोध पत्रों की समीक्षा की और उसके लिए आपको उत्कृष्ट प्रमाण पत्र मिला।

– अन्तर्राष्ट्रीय जनरल Journal of Geography, Environment and Earth Science में "Balancing Residents Aspirations with Sustainable Transport Goals: A case Study of Shimla India" नामक शोध पत्र प्रकाशित हुआ।

➢ **डॉ. रमेश यादव**, सह प्राध्यापक प्राणी विज्ञान ने राजकीय महाविद्यालय रामपुर बुशैहर द्वारा आयोजित सात दिवसीय FDP "Leading the Future Innovation and excellence in Academic" (1 दिसम्बर 2025 से 7 दिसम्बर 2025) में भाग लिया।

–राजकीय महाविद्यालय रिकांगपियों द्वारा आयोजित तीन दिवसीय संगोष्ठि (15 से 17 सितम्बर 2025) "Conservation and Sustainable use of Biodiversity" नामक विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

➢ **डॉ. प्रवेश शर्मा, शारीरिक शिक्षा विभाग,** सत्र 2025–26 के लिए सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मंडी की खेल एवं सह–पाठ्यक्रम गतिविधि परिषद् के उपाध्यक्ष के रुप में निर्वाचित हुए।

– 25 से 27 सितम्बर 2025 तक एस0पी0यू0 मंडी परिसर में आयोजित अन्तर–महाविद्यालय (पुरुष एवं महिला) कबड्डी चैंपियनशिप के लिए पर्यवेक्षक के रुप में नियुक्त हुए।

–8 तथा 9 अक्टूबर 2025 को राजकीय संस्कृत महाविद्यालय, सुंदरनगर में आयोजित सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी अन्तर–महाविद्यालय (पुरुष एवं महिला) शतरंज प्रतियोगिता में पर्यवेक्षक के रुप में कार्य किया।

–18 से 20 नवम्बर 2025 तक राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में आयोजित सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी अन्तर–महाविद्यालय हैंडबाल (पुरुष) प्रतियोगिता में पर्यवेक्षक के रुप में कार्य किया।

–3 व 4 दिसम्बर, 2025 को राजकीय महाविद्यालय भोरंज में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला की हैंडबाल (पुरुष) प्रतियोगिता में चयनकर्ता के रुप में कार्य किया।

–'खेल से स्वास्थ्य योजना 2025–26'' के अन्तर्गत खेल सामग्री की खरीद हेतु हिमाचल प्रदेश के उच्च शिक्षा निदेशक द्वारा गठित तकनीकी समिति के सदस्य के रुप में नामित किए गए।

–26 से 30 दिसम्बर 2025 तक पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ में आयोजित अन्तर–विश्वविद्यालय भारोतोलन प्रतियोगिता में सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी (पुरुष एवं महिला) के कोच के रुप में कार्य किया।

–17 से 19 दिसम्बर 2025 तक एस0पी0यू0 मंडी परिसर में आयोजित अन्तर–महाविद्यालय एथलेटिक मीट में पर्यवेक्षक के रुप में कार्य किया।

–16 से 20 फरवरी 2026 तक पंजाब विश्वविद्यालय पटियाला में आयोजित अन्तर–विश्वविद्यालय हैंडबॉल प्रतिस्पर्धा (पुरुष) में एस0पी0यू0 मंडी कोच के रुप में कार्य किया।

–23 और 24 फरवारी 2026 को एम0एल0एस0एम0 कॉलेज, सुंदरनगर में आयोजित अन्तर–महाविद्यालय वुशु तथा ताईक्वांडो (पुरुष एवं महिला) प्रतियोगिता में पर्यवेक्षक के रुप में कार्य किया।

–8 से 11 मार्च 2026 तक हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला द्वारा आयोजित अन्तर–विश्वविद्यालय हैंडबाल प्रतियोगिता में एस0पी0यू0 मंडी (महिला) हैंडबाल प्रबंधक के रुप में कार्य किया।

➢ **डॉ. योगराज** सहायक प्राध्यापक लोक प्रशासन विभाग ने राजकीय महाविद्यालय सैंज, कुल्लू एवं हिमालयन कांउसिल फार सांईटिफिक रिसर्च के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय (1 से 7 जुलाई 2025) शिक्षक विकास कार्यक्रम में भाग लिया।

–राजकीय महाविद्यालय सैंज जिला कुल्लू एवं हिमालयन कांउसिल फार सांईटिफिक रिसर्च के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अंतराष्ट्रीय सम्मेलन (25 तथा 26 अक्टूबर 2025) में "Negotiating the Development Model for the Himalyan Region" शोध पत्र प्रस्तुत किया।

–राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ में आयोजित दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन (30 और 31 अक्टूबर 2025) में "Bridging Tradition and Modernity : The Role of Indian Knoweldge System in 21st Century Higher Education" नामक विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

–राजकीय महाविद्यालय डैहर में आयोजित एक दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन (8 नवम्बर 2025) में "Disaster Risk Resilience : Issues and Opportunities" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

–राजकीय महाविद्यालय जोगिन्दर नगर तथा हिमालयन कांउसिल फार सांईटिफिक रिसर्च के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन (10 तथा 11 नवम्बर 2025) में "The Concept of State and Govenance In Kautilyas Arthshstra, A Perspective from the Indian Knoweldge System" में शोध पत्र प्रस्तुत किया।

–राजकीय महाविद्यालय बंजार में राजनीति शास्त्र तथा लोक प्रशासन विषय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन (26 तथा 27 दिसम्बर 2025) "Modernization and Social Change Among Adolescence" में शोध पत्र प्रस्तुत किया।

–राजकीय महाविद्यालय बंजार में राजनीति शास्त्र तथा लोक प्रशासन विषय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित में सात दिवसीय FDP (11 से 18 फरवरी 2026) शिक्षक विकास कार्यक्रम में भाग लिया।

➢ **डॉ0 प्रोविन्दर कुमार वाणिज्य विभाग** ने एक सप्ताह का संकाय विकास कार्यक्रम (8 से 14 जनवरी 2026) FDP, Don BOSCO Institute of Teaching नई दिल्ली से पूर्ण किया।

–राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठि (01 दिसम्बर 2025) "Tourism in the Foothills: A New Avenue for Rural Entreprenurship" में भाग लिया।

–सितम्बर माह में डॉ. प्रोविन्दर द्वारा "Auditing and Corporate Governce" नामक एक संदर्भ पुस्तक ISBN No-978-93-95577 पैराडाइज़ प्रकाशन दिल्ली से प्रकाशित हुई।

–8 नवम्बर 2025 को राजकीय महाविद्यालय डैहर में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठि में "Investing in Resilience : The Fincial Triad of Disaster Risk Reduction" नामक शोध पत्र प्रस्तुत किया।

–अक्टूबर माह में International Journal of Finance and Commerce में "A Comparative Anylisis of Priority of Sector Landing Performance and Botality Accross Public and Foreign Banks in India" नामक शोध पत्र प्रकाशित हुआ।

➢ **डॉ. डाबे राम, वाणिज्य विभाग** ने राजकीय महाविद्यालय बंजार में राजनीति शास्त्र तथा लोक प्रशासन विषय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित में सात दिवसीय FDP (11 से 18 फरवरी 2026) शिक्षक विकास कार्यक्रम में भाग लिया।

➢ **डॉ. सुरेन्दर सिंह, राजनिति विज्ञान विभाग** ने राजकीय महाविद्यालय सैंज, कुल्लू एवं हिमालयन कांउसिल फार सांईटिफिक रिसर्च के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय (1 से 7 जुलाई 2025) शिक्षक विकास कार्यक्रम में भाग लिया।

–राजकीय महाविद्यालय सैंज जिला कुल्लू एवं हिमालयन कांउसिल फार सांईटिफिक रिसर्च के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (25 तथा 26 अक्टूबर 2025) में "Negotiating the Development Model for the Himalyan Region" शोध पत्र प्रस्तुत किया।

–राजकीय महाविद्यालय जोगिन्दर नगर तथा हिमालयन कांउसिल फार सांईटिफिक रिसर्च के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन (10 तथा 11 नवम्बर 2025) में "Indian Knoweldge System" में शोध पत्र प्रस्तुत किया।

–राजकीय महाविद्यालय बंजार में राजनीति शास्त्र तथा लोक प्रशासन एवं हिमालयन कांउसिल फार सांईटिफिक रिसर्च के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में "Socio-Political Institution in Transition: The Impect of Modernisation in District Kullu" पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

–राजकीय महाविद्यालय बंजार में राजनीति शास्त्र तथा लोक प्रशासन विषय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित में सात दिवसीय FDP (11 से 18 फरवरी 2026) शिक्षक विकास कार्यक्रम में भाग लिया।

- **श्री राजीव परमार, वनस्पति विभाग** ने राजकीय महाविद्यालय डैहर, जिला मण्डी में 8 दिसम्बर को आयोजित अन्तराष्ट्रीय संगोष्ठि में "Role of Ecosystem Management in Disaster Risk Reduction" नामक विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

  –22 से 28 जनवरी 2026 तक श्री राजीव परमार ने INM PG College, Meerut in Colleboration with Necleus of Learning and Development के सहयोग से सात दिवसीय शिक्षक विकास कार्यक्रम पूर्ण किया।
- **डॉ. विकास कुमार, संगीत विभाग** ने राजकीय महाविद्यालय पालमपुर द्वारा (1 से 7 मई 2025) "Service Rules and Regulations for Teachers in Higher Education" नामक आयोजित शिक्षक विकास कार्यक्रम में भाग लिया।
- **श्री टिक्कम राम, इतिहास विभाग** ने –राजकीय महाविद्यालय जोगिन्दर नगर तथा हिमालयन कांउसिल फार सांईटिफिक रिसर्च के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन (10 तथा 11 नवम्बर 2025) में "Regional Diversity and Social Dynamics: Influences on the Reception of Indian Knoweledge in Discourse" नामक शोध पत्र प्रस्तुत किया।

  –15 से 19 दिसम्बर 2025 को डॉ. मनमोहन सिंह लोक प्रशासन संस्थान, शिमला में हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया।

–राजकीय महाविद्यालय बंजार में राजनीति शास्त्र तथा लोक प्रशासन विषय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठि (26 तथा 27 दिसम्बर 2025) में "Changing Support Systems in Banjar: Caste, Kinship, Migration" तथा "Hierarchies and Support System: Caste and Kinship in Himachal's Rural Societies" नामक शोध पत्र प्रस्तुत किये।

–राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में आयोजित में सात दिवसीय FDP (1 से 7 मई 2025) "Service Rules and Regulations for Teachers in Higher Education" शिक्षक विकास कार्यक्रम में भाग लिया।

- **श्री विकास नेगी, गणित विभाग** ने राजकीय महाविद्यालय रिकांगपियो द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठि में "Mathematics for Tribal Economic Empowerment: Bridging Agriculture Finance and Technology" नामक शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- **डॉ. श्रवण कुमार, अर्थशास्त्र** विभाग ने 23 तथा 24 अप्रैल 2025 को Department of Economics, Commerce and Management, H.P. University Regional Centre Dharmshala (H.P.) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्टि में "Atmnirbhar Bharat: The Path of Self Reliance" नामक विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

  –25 तथा 26 अप्रैल 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना हिमाचल प्रदेश के प्रतिनिधि के रुप में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन जवाहर लाल नेहरु स्टेडियम ऑडिटोरियम, नई दिल्ली में भाग लिया। यह कार्यक्रम युवा एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित किया गया था।

  – राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में आयोजित में सात दिवसीय FDP (1 से 7 मई 2025) "Service Rules and Regulations for Teachers in Higher Education" शिक्षक विकास कार्यक्रम में भाग लिया।

  –27 फरवरी से 1 मार्च 2026 तक कुल्लू साहित्य उत्सव में भाग लिया। यह कार्यक्रम हिमतरु प्रकाशन समीति, कुल्लू द्वारा आयोजित किया गया।
- **डॉ. अनिल कुमार, गणित विभाग** ने राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में आयोजित में सात दिवसीय FDP (1 से 7 मई 2025) "Service Rules and Regulations for Teachers in Higher Education" शिक्षक विकास कार्यक्रम में भाग लिया।

–जुलाई 2025 में International Journal of Biomathematics में "Dynamics of Eco-Epidemiological Predactor-Preay Model in Fuzzy Enviornment" नामक शोध पत्र प्रकाशित हुआ।

- **श्री अंशुल शर्मा, संगीत विभाग** ने राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर, मंडी में 22 नवम्बर 2025 को आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठि में "Self-Actualization Among College Music Students: Influence of Intelligence, Gender, and Socio-Economic Status" नामक शोध पत्र प्रस्तुत किया।

–"A Study of Self-Actualization of College Music Students (With Special Reference to Their Level of Intelligence, Gender and Socioeconomic Status)." नामक शोध पत्र (Hill Quest खंड 12, अंक 02 जुलाई से दिसम्बर 2025 ISSN: 2454-3144) राष्ट्रीय जनरल में प्रकाशित हुआ।

–"Music and Self-Actualization: A Theoretical Relationship." नामक शोध पत्र (Swar Sandhu खंड 13, अंक 02 जुलाई से दिसम्बर 2025 ISSN: 2320-7175) रेफर्ड जनरल में प्रकाशित हुआ।

- **सुश्री लता देवी, हिन्दी विभाग** ने राजकीय महाविद्यालय सैंज जिला कुल्लू एवं हिमालयन कांउसिल फार सांईटिफिक रिसर्च के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अंतराष्ट्रीय सम्मेलन (25 तथा 26 अक्टूबर 2025) में **''समकालीन कविता में परिस्थितिक प्रशन और प्रतिरोध की विविध अभिव्यक्तियां** (विशेष संदर्भः हिमाचल व अन्य पर्वतीय क्षेत्र) शोध पत्र प्रस्तुत किया।

–राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन (22 नवम्बर 2025) में **''पारंपरिक और डिजिटल साहित्य का संगम''** नामक शोध पत्र प्रस्तुत किया।

–राजकीय महाविद्यालय बंजार में राजनीति शास्त्र तथा लोक प्रशासन एवं हिमालयन कांउसिल फार सांईटिफिक रिसर्च के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय (26 ओर 27 दिसम्बर 2025) आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में ''**आधुनिकीकरण का मानव समाज पर प्रभाव''** नामक विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

## ➢ एन.सी.सी.

महोदय जी 2020–21 में 39 कैडेट्स की ईकाई को स्वीकृति मिली। वर्तमान में 36 कैडेट्स का नामांकन हुआ है जिसमें 19 छात्र एवं 17 छात्राएं सम्मिलित है। एन.सी.सी. अधिकारी श्री हेमेन्दर सिंह के नेतृत्व में निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया।

अंडर ऑफिसर खुशबू ने Annual Training Camp 199 (24 June to 3 July 2025), Transit Camp Pandoh में Anchoring में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

अंडर ऑफिसर खुशबू तथा कैडेट संदीप ने Annual Trainig Camp 199 (24 June to 3 July 2025), Transit Camp Pandoh मे Debate Competition मे द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

कैडेट अटल ने Training Camp 199 (24 June to 3 July 2025), Transit Camp Pandoh मे Lemon Spoon Race मे द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

बबीता तथा कैडेट विनय जोशी ने Training Camp 199 (24 June to 3 July 2025), Transit Camp Pandoh मे Quiz Competition मे द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

अंडर ऑफिसर खुशबू Training Camp 199 (24 June to 3 July 2025), Transit Camp Pandoh मे Camp Senior (210SW/JW Cadets) रही।

ऑल इंडिया मांउटेनरिंग कैंप (21 से 30 सितम्बर 2025) में कैडेट नितिन चौहान तथा कैडेट सोहनी ठाकुर ने भाग लिया।

आर्मी अटैचमेंट कैंप–पठानकोट (27 अक्टूबर से 27 नवम्बर 2025) में कैडेट गुंजन ठाकुर तथा कैडेट चेतना ठाकुर ने भाग लिया।

आर्मी अटैचमेंट कैंप–पठानकोट (03 से 14 नवम्बर 2025) में कैडेट उज्जवल ठाकुर तथा कैडेट विकास ने भाग लिया।

आर्मी अटैचमेंट कैंप–धर्मशाला (06 से 16 जनवरी 2026) में कैडेट संदीप कुमार तथा कैडेट विनय जोशी ने भाग लिया।

ऑल इंडिया ट्रैकिंग कैंप–रामपुर बुशैहर (12 से 19 जनवरी 2026) में सीनियर अंडर ऑफिसर मनोज ठाकुर को बटालियन सीनियर चुना गया।

ऑल इंडिया ट्रैकिंग कैंप–रामपुर बुशैहर (12 से 19 जनवरी 2026) में इंटर ग्रुप वॉलीबाल कम्पीटिशन में कैडेट उपेन्द्र ठाकुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.)

महाविद्यालय में डॉ. श्रवण कुमार के दिशा निर्देश में राष्ट्रीय सेवा योजना की पूर्ण ईकाई कार्य कर रही है। इसका उद्देश्य छात्र वर्ग में सामुदायिक सेवा की भावना उत्पन्न कर उन के बहु–आयामी व्यक्तित्व का विकास करना है। इस वर्ष एन.एस.एस. की नवीन कार्यकारिणी का गठन जुलाई 2025 को हुआ और इसमें कुल 108 स्वयंसेवी पंजीकृत हुए है जिसमें 21 छात्र तथा 87 छात्राएं शामिल है। 28.11.2025 को प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई की नई सलाहकार समीति का गठन किया गया जो इस प्रकार हैः–

प्रो. राजेश कुमार सिंह, अध्यक्ष (प्राचार्य)

श्री मान सिंह, सदस्य (ज़िला परिषद सदस्य)

श्रीमति चन्द्रा देवी, सदस्य (प्रधान)

बी0के0 निमु, सदस्य (ब्रम्हकुमारी)

बी0के0 प्रियंका, सदस्य (ब्रम्हकुमारी)

श्री योपिन्दर, सदस्य (सदस्य गैर सरकारी संस्था, सिराज वैंचर्स)

श्री दुर्गा सिंह, सदस्य (समाजसेवी)

श्री रामा नन्द, शिक्षक सदस्य

डॉ. विकास कुमार, शिक्षक सदस्य

कुमारी भुवनेश्वरी, छात्र सदस्य (ईकाई छात्रा लीडर)

श्री साहिल, छात्र सदस्य (ईकाई छात्र लीडर)

डॉ. श्रवण कुमार, कार्यक्रम अधिकारी

सत्र 2025–26 के दौरान इन स्वयं सेवियों की गतिविधियां इस प्रकार से हैः–

महाविद्यालय में समय–समय पर विभिन्न कार्यक्रम व दिवस आयोजित कर विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों के बारें में जानकारी प्रदान की गई।

1. 14–04–2025, डॉ. भीम राव अम्बेडकर जयंती पर समता रैली तथा विशेष कार्यक्रम।
2. 15–04–2025, हिमाचल दिवस पर विशेष कार्यक्रम।
3. 20–04–2025, पोषण पखवाड़ा, 07 से 22 अप्रैल 2025।
4. 07–05–2025, एक दिवसीय स्वच्छता शिविर।
5. 15–05–2025, प्रथम, गैर सरकारी संस्था के सौजन्य से एक दिवसीय कार्यशालाः कामल का कैंप, हंस फाउन्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में जंगल की आग के संदर्भ में जागरुकता रैली तथा महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण (51 पौधों का रोपण)
6. 21–05–2025, को राजनीति शास्त्र शब्दकोष निर्माण कार्यशाला तथा कमल ताल पुनर्निर्माण में योगदान।
7. 22–05–2025, प्रधानमंत्री जन औषधि कार्यक्रम पर विशेष वेबिनार।
8. 05–06–2025, विश्व पर्यावरण दिवस पर विशेष कार्यक्रम।
9. 06–06–2025, महाविद्यालय परिसर में मैगा मॉक ड्रिल।
10. 21 से 27 जुलाई 2025 तक प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बंजार केन्द्र द्वारा महाविद्यालय परिसर में सात दिवसीय सहज राजयोग शिविर का आयोजन।
11. 06–08–2025, राष्ट्रीय ध्वज पर केन्द्रित ऑनलाईन प्रश्नोतरी में सहभागिता।
12. 07–08–2025, ब्रम्हाकुमारी बहिनों द्वारा शिक्षकों तथा संव्यसेवियों के साथ रक्षाबंधन पर्व पर विशेष व्याख्यान।
13. 12–0872025, रैगिंग विरोधी दिवस पर विशेष आयोजन।
14. 13–08–2025, नशा मुक्त भारत अभियान के अंर्तगत नशा मुक्ति शपथ तथा रैगिंग विरोधी विशेष वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन।
15. 14–08–2025, हर घर तिरंगा अभियान।
16. 15–08–2025, उपमंडलीय स्वतन्त्रता दिवस समारोह बंजार में सहभागिता।

17. 16–08–2025, श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर पुलिस प्रशासन तथा ब्रम्हाकुमरी केन्द्र बंजार को सहयोग।
18. 20–08–2025, सद्भावना दिवास पर विशेष कार्यक्रम आयोजन।
19. 23–08–2025, नवीन पंजीकृत संव्यसेवियों के लिए विशेष परिचय सत्र का आयोजन।
20. 25–08–2025, प्रदेश राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी, केन्द्र शासित प्रदेश चण्डीगढ़, डॉ. नेमी चन्द द्वारा ''राष्ट्रीय सेवा योजना का सामाजिक–अर्थिक लाभ तथा भविष्य में संभावनाएं'' विषय पर ऑनलाईन व्याख्यान का आयोजन।
21. 15–09–2025, विकसित भारत पर केन्द्रित ऑनलाईन प्रश्नोतरी में सहभागिता।
22. 24–09–2025, राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजन।
23. 25–09–2025, नि–क्षय मित्र प्रयास पर स्वास्थय मंत्रालय द्वारा आयोजित ऑनलाईन कार्यक्रम में सहभागिता।
24. 30–09–2025, ''रैबिज़ः लक्षण, कारण व ईलाज'' विषय पर उपमण्डलीय पशु चिकित्सक बंजार, डॉ. रणधीर सिंह का विशेष व्याख्यान।
25. 02–10–2025, अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस, गांधी तथा शास्त्री जयंती तथा राष्ट्रीय स्वच्छता दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजन।
26. 14–10–2025, सरदार @ एकता मार्च विषय पर महाविद्यालय स्तरीय प्रैस वार्ता आयोजन।
27. 15–10–2025, ब्रम्हाकुमारी केन्द्र बंजार के साथ भजन संध्या।
28. 19–10–2025, 'ये दीवाली माय भारत वाली' दीपावली पर विशेष कार्यक्रम आयोजन।
29. 27–10–2025, सरदार @ एकता मार्च विषय पर जिला स्तरीय प्रैस वार्ता का अटल सदन कुल्लू में आयोजन।
30. 28–10–2025, सरदार @ एकता मार्च विषय पर 1 मिनट विडियो निर्माण पर अधरित रील्स प्रतियोगिता का आयोजन।
31. 29–10–2025, सरदार @ एकता मार्च विषय पर वाद विवाद तथा निबंध लेखन तथा संपूर्ण महाविद्यालय समुदाय को आत्मनिर्भर भारत तथा नशा मुक्त भारत शपथ दिलाई गई।

32. 30—10—2025, सरदार @ एकता मार्च विषय पर नारा लेखन, पोस्टर निर्माण, भाषण, योगाभ्यास सांस्कृतिक प्रस्तुति पर आधारित प्रतियोगिताओं का आयोजन तथा '' स्वच्छता ही सेवा है'' अभियान के अन्तर्गत परिसर स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन।
33. 31—10—2025, सरदार @ एकता मार्च विषय पर लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम, राष्ट्रीय एकता शपथ तथा एकता दौड़ का आयोजन।
34. 01—11—2025, जिला स्तरीय सरदार @ एकता मार्च का माननीय सांसद, मंडी संसदीय क्षेत्र सुश्री कंगना रनौत की अगुवाई में महाविद्यालय परिसर से मेला मैदान बंजार तक आयोजन।
35. 06—11—2025, राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय पूर्व गणतन्त्र दिवस चयन शिविर में राजकीय महाविद्यालय चौड़ा मैदान शिमला में सव्यंसेवी योगराज तथा कविता द्वारा महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया गया।
36. 07—11—2025, राष्ट्रगीत वन्दे मात्रम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष ऑनलाईन कार्यक्रम आयोजन।
37. 8 से 14 नवम्बर 2025 तक जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कुल्लू के सौजन्य से प्रायोजित, ''युवा आपदा मित्र योजना'' के अन्तर्गत 20 सव्यंसेवियों सहित महाविद्यालय के कुल 36 विद्यार्थियों द्वारा अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण एवं संबधित खेल संस्थान मनाली में 7 दिवसीय विशेष खोज एवं बचाव प्रशिक्षण प्राप्त किया गया।
38. हिम बस कार्ड हेतु हिमाचल पथ परिवहन निगम क्षेत्रिय कार्यालय बंजार के माध्यम से पंजीकरण प्रक्रिया पर अधारित जागरुकता कार्यशाला का आयोजन।
39. 15 से 24 नवम्बर 2025 तक 10 दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय साहसिक शिविर अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण एवं संबधित खेल संस्थान मनाली के जलक्रीड़ा केन्द्र पिरडी, कुल्लू में राजकीय महाविद्यालय बंजार के स्वयंसेवी साहिल तथा भुवनेश्वरी द्वारा महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया गया।
40. 15—11—2025, जनजातीय गौरव दिवस पर विशेष ऑनलाईन कार्यक्रम आयोजन।
41. 19—11—2025, भोजन नक्षत्र स्वास्थ्य विषय पर वेगन आउटरीच के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन तथा नशीले पदार्थों से खतरा तथा

स्थानीय चेतना विषय पर श्री राकेश कुमार भारतीय, संयुक्त आयुक्त, उतरी संभाग, आबाकारी एवं काराधान विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा विशेष व्याख्यान का आयोजन।

42. 21 से 30 नवम्बर 2025 तक राष्ट्रीय सेवा योजना उतर क्षेत्रीय पूर्व गणतन्त्र दिवस चयन शिविर, चितकारा विश्वविद्यालय, राजपुरा, पटियाला, पंजाब में स्वयसेवी कविता द्वारा महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया गया।

43. 26–11–2025 को राष्ट्रीय संविधान दिवस पर प्रो. वरयाम सिंह नेगी (सेवानिवृत) जवाहर लाल नेहरु विश्वविद्यालय दिल्ली द्वारा ''भारतीय संविधान भारतीयता का गौरव'' विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजन।

44. 28–11–2025, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार की नवीन सलाहकार समीति का गठन।

45. 01–12–2025, विश्व एड्स दिवस पर जागरुकता रैली एवं कार्यक्रम का आयोजन।

46. 04–12–2025, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों द्वारा जंगल से शेगुल के 150 पौधे परिसर में एकत्र किए गए।

47. 05–12–2025, अन्तर्राष्ट्रीय स्वयंसेवी दिवस पर गोद लिए गए गांव के मन्दिर परिसर में सफाई अभियान तथा स्वयंसेवी दिपेश्वरी द्वारा विशेष व्याख्यान तथा हिमाचल प्रदेश के विशवविद्यालय के पूर्व प्रतिकुलपति एवं गणित विभाग के प्रो. ज्योति प्रकाश द्वारा ऑनलाईन व्याख्यान।

48. 07–12–2025 को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुल्लू के सहयोग से उपमंडल विधिक सेवा समिति द्वारा आयोजित विधिक साक्षरता शिविर, खंड विकास कार्यालय सभागार बंजार में स्वयंसेवी प्रांजल नेगी द्वारा ''पर्यावरण संरक्षण–भूमण्डल रक्षण'' विषय पर विशेष संबोधन व प्रस्तुति।

49. 10–12–2025, को विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर 'करुणा के प्रतीक परमपावन चौदहवें दलाई लामा जी' विषय पर डॉ. कैलाश चन्द्र बौद्ध द्वारा विशेष ऑनलाईन व्याख्यान।

50. 19–12–2025 को हंस फाउन्डेशन के सहयोग से 'वनो में आग' विषय वर प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन।

51. 20 तथा 22 दिसम्बर 2025 को क्रमशः एक दिवसीय स्वच्छता शिविर तथा एक दिवसीय सौन्दर्यकरण शिविर का आयोजन।
52. 25 से 31 दिसम्बर 2025 तक राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा 'सहभगिता' सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ श्री राम सिंह मियां, अध्यक्ष कृषि उपज एवं विपणन समिति, कुल्लू एवं लाहौल–स्पीति द्वारा किया गया। सहभागिता कार्यक्रम के अन्तर्गत डॉ. रणधीर सिंह (उपमण्डलीय पशु चिकित्सक), प्रो. रश्मि ठाकुर (लखनउ विश्वविद्यालय), प्रो. राजेश कुमार सिंह (प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय बंजार), डॉ. मुदस्सर अहमद खान (सहायक आचार्य राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय), श्री रुपेन्दर विशिष्ठ (राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुशैणी), डॉ. उरसेम लता (प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय पनारसा), श्री चन्द्रशेखर ठाकुर (थाना प्रभारी बंजार), श्री हेमराज (महिला एवं बाल विकास शिमला), श्री चन्द्र वल्लभ नेगी (समाजसेवी बंजार), प्रो. राजीव ठाकुर (राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर टिहरा), डॉ. संगीता (चिकित्सा अधिकारी थाटीबीड़), श्री बिक्रम बनगढ़ (भारतीय रिजर्व बैंक क्षेत्रीय कार्यालय शिमला) तथा श्री राहुल शर्मा (हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा) मुख्य वक्ता के रुप में अलग–अलग सत्रों में ऑनलाईन तथा ऑफलाईन माध्यम से उपस्थित रहे। श्रीमति विद्या नेगी, अध्यक्षा, हिमाचल प्रदेश राज्य महिला आयोग, शिमला सात दिवसीय विशेष अवासीय शिविर के समापन समारोह की मुख्य अतिथि रही।
53. 09 से 12 जनवरी 2026 तक स्वयंसेवी योगराज, साहिल तथा प्रांजलनेगी ने राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भारत मंडपम नई दिल्ली में देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के साथ संवाद कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।
54. 12–01–2026, राष्ट्रीय युवा दिवस पर विशेष ऑनलाईन कार्यक्रम का आयोजन।
55. 17 जनवरी 2026 से वर्तमान समय तक परियोजना धण, परियोजना मार्गदर्शक तथा परियोजना सारथी की व्यवहारिक शुरुआत की गई।
56. 25–01–2026, राष्ट्रीय मतदाता दिवस तथा हिमाचल प्रदेश पूर्ण राज्यत्व दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजन।
57. 26–01–2026, उपमण्डल स्तरीय गणतन्त्र दिवस में विशेष सहभगिता।

58. 31–01–2026, माय भारत बजट क्वेस्ट 2026 पर विशेष ऑनलाईन कार्यक्रम आयोजन।
59. 22–02–2026, राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा वरिष्ठ स्वयंसेवियों के लिए औपचारिक विदाई समारोह का आयोजन।
60. 24 से 27 फरवरी 2026 तक स्वयंसेवी योगराज द्वारा राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा संस्थान चण्डीगढ़ में आयोजित ''नेतृत्व तथा समूह निर्माण'' विषय पर राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला कुल्लू का प्रतिनिधित्व किया।
61. राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में आयोजित जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद में स्वयंसेवी उष्मा नेगी, मीनाक्षी, स्नेहा तथा साहिल ने महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।
62. हिमतरु प्रकाशन संस्थान कुल्लू द्वारा कुल्लू के बचत भवन के बहुउदेशीय सभागार में आयोजित ''कुल्लू साहित्य उत्सव–2026'' में ईकाई के 13 स्वयंसेवियों सहित महाविद्यालय के कुल 20 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार को विभिन्न सामाजिक तथा पर्यावर्णीय विषयों में उत्कृष्ट जागरुकता पहल करने के लिए विभिन्न सरकारी विभागों तथा संगठनों द्वारा प्रशंसा पत्र भी प्रदान किए गए है जो इस प्रकार है–

- उपमंडल अधिकारी (नागरिक) बंजार द्वारा प्रशंसा–पत्र।
- वन परिक्षेत्र अधिकारी बंजार द्वारा प्रशंसा–पत्र।
- खंड विकास अधिकारी बंजार द्वारा प्रशंसा–पत्र।
- खंड चिकित्सा अधिकारी बंजार द्वारा प्रशंसा–पत्र।
- थाना प्रभारी बंजार द्वारा प्रशंसा–पत्र।
- अध्यक्ष, नगर पंचायत बंजार द्वारा प्रशंसा–पत्र।
- उपाध्यक्ष, नगर पंचायत बंजार द्वारा प्रशंसा–पत्र।
- जिला परिषद् सदस्य, वार्ड कोठी–चेहनी द्वारा प्रशंसा–पत्र।
- पंचायत समीति सदस्य बंजार द्वारा प्रशंसा–पत्र।
- प्रधान ग्राम पंचायत बलागााड़ द्वारा प्रशंसा–पत्र।

# रोवर्स एंड रेंजर्स

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार की रोवर्स एंड रेंजर्स ईकाई में रोवर लीडर श्री अंशुल शर्मा तथा रेंजर लीडर श्रीमती लता देवी के नेतृत्व में 10 रोवर्स तथा 20 रेंजर्स पंजीकृत है। सत्र 2024–25 में इस ईकाई द्वारा निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया गया।

04–08–2025 को महाविद्यालय परिसर में स्काउट एंड गाईड की प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई, जिसका उदेश्य रावर्स और रेंजर्स अनुभाग में शामिल होने वाले नए विद्यार्थियों की तैयारी का मूल्यांकन करना था।

15 अगस्त 2025 को रोवर्स–रेंजर्स महाविद्यालय इकाई ने भारत के 78वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में मेला ग्राउंड बंजार में आयोजित स्वतंत्रता दिवस परेड में भाग लिया। ईकाई सदस्यों ने मार्च करते हुए अनुशासन और देश भक्ति का परिचय दिया। उनकी भागीदारी ने समारोह की गरिमा को बढ़ाया तथा स्थानीय निवासियों और अन्य प्रतिभागियों ने उनके योगदान की सराहना की।

23 अगस्त 2025 को स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर रोवर्स–रेंजर्स ईकाई ने महाविद्यालय परिसर में स्वतन्त्रता दिवस को अत्यंत देशभक्ति व उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय ध्वज को फहराने से हुई। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत, नृत्य और कविताओं के माध्यम से हमारे देशभक्त वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

1 नवम्बर 2025 को ईकाई द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आयोजित एकता मार्च में सक्रिय रुप से भाग लिया इस सहभागिता ने राष्ट्रीय एकता, अखण्डता एवं भाईचारे के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया तथा राष्ट्र के प्रति सामूहिकता एवं जिम्मेदारी की भावना को और सुदृढ़ किया।

7 नवम्बर 2025 को रोवर्स–रेंजर्स इकाई ने भारत स्कॉउट एंड गाईड स्थापना दिवस को प्राचार्य प्रो. राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में मनाया। कार्यक्रम में ध्वजारोहन, प्रेरणादायक भाषण तथा अनुशासन, नेतृत्व और सामुदायिक सेवा के मूल्यों पर आधारित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई।

10 से 14 दिसम्बर 2025 तक स्काउटिंग इकाई की 8 रेंजर्स ने रिवालसर स्थित प्रशिक्षण केन्द्र में आयोजित 'निपुण कैम्प' में भाग लिया।

26 से 30 दिसम्बर 2025 तक रोवर्स–रेंजर्स इकाई के 3 रोवर्स और 1 रेंजर ने रिवालसर में आयोजित राज्य स्तरीय प्री–आरडीसी शिविर में भाग लिया। शिविर के दौरान प्रतिभागियों ने परेड प्रशिक्षण तथा स्काउटिंग की विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर 2 रोवर्स और 1 रेंजर का चयन गणतन्त्र दिवस परेड के लिए किया गया।

9 से 13 जनवरी 2026 तक रोवर्स–रेंजर्स ईकाई बंजार ने छतीसगढ़ में आयोजित प्रथम 'राष्ट्रीय जंबूरी' में भाग लिया। इस राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में महाविद्यालय ईकाई का प्रतिनिधित्व 3 रोवर तथा 3 रेंजर्स से किया। जंबूरी के दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न गतिविधियों जैसे शिविर, सांस्कृतिक कार्यक्रम, साहसिक गतिविधियां तथा कौशल आधारित प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इस कार्यक्रम में उन्हे राष्ट्रीय स्तर पर अनुभव प्राप्त करने तथा विभिन्न राज्यों सं आए स्काउटस और गाइड्स के साथ संवाद स्थापित करने का बहुमूल्य अवसर प्रदान किया।

19 से 26 जनवरी 2026 तक महाविद्यालय इकाई के 1 रेंजर तथा 2 रोवर्स ने रिज मैदान शिमला में आयोजित गणतन्त्र दिवस शिविर (आर.डी.सी.) तथा 26 जनवरी गणतन्त्र दिवस परेड में संस्थान का प्रतिनिधित्व किया जिसमें प्रतिभागियों के द्वारा विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया गया तथा अनुशासन, नेतृत्व, टीम वर्क तथा राष्ट्रीय एकता के गुण सीखे तथा महाविद्यालय को गौरवान्वित किया।

21 फरवरी 2026 को राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार की रोवर एवं रेंजर ईकाई ने स्काउट एंड गाईड संस्थापक दिवस को बड़े उत्साह के साथ मनाया। यह कार्यक्रम स्काउट एंड गाईड आंदोलन के आदर्शों और सिद्धान्तों को सम्मानित करने के उदेश्य से आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम स्काउट आंदोलन के संस्थापक रॉबर्ट वाड़ेन पावेल की समृति को समर्पित रहा तथा रोवर रेंजर ईकाई के सदस्यों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया।

यूनिट के सदस्यों ने 6 पौधों का रोपण करने में सक्रिय रुप से भाग लिया, जिसका उदेश्य परिसर के वातावरण को सुधारना और स्थिरता को बढ़ावा देना था।

## रैड रिबन क्लब

28 नवम्बर 2025 को राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार में वर्ष 2025–26 के लिए रैड रिबन क्लब की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया।

01 दिसम्बर 2025 को राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार में 'विश्व एड्स दिवस' के उपलक्ष पर रैड रिबन क्लब द्वारा एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में चिकित्सा अधिकारी डॉ. संगीता ने शिरकत की तथा वक्ता के तौर पर सामुदायिक स्वास्थय अधिकारी सुश्री ख्याली राही जी उपस्थित रही। विश्व एड्स दिवस पर भाषण प्रतियोगिता, नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग इत्यादि प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में रिया शर्मा, उज्जवल, हिमानी तथा नारा लेखन में युक्ता, प्रिया, सोनिया एवं पोस्टर मेकिंग में तारा, वंदना तथा भावना क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहे।

## जीविकोपार्जन परामर्श एवं प्रस्थापन प्रकोष्ठ (Career Counseling and Placement Cell)

जीविकोपार्जन परामर्श एवं प्रस्थापन प्रकोष्ठ (Career Counseling and Placement Cell) डॉ. सुरेन्द्र सिंह के कुशल नेतृत्व में छात्रों को अपने भविष्य के प्रति जागरुक बनाने तथा रोज़गार के विभिन्न अवसर प्रदान करने एवं छात्रों को सुझाव देने के लिए नियमित रुप से कार्य कर रहा है।

इसी सन्दर्भ में दिनांक 25 सितम्बर 2025 को राजनीति विज्ञान एवं लोक प्रशासन विभाग द्वारा सेमिनार हॉल में ''व्यवसायिक मार्गदर्शन सत्र'' का आयोजन किया गया।

# निर्वाचन साक्षरता क्लब

निर्वाचन साक्षरता क्लब द्वारा 25 नवम्बर 2025 को मतदाता साक्षरता के प्रति जागरुकता फैलाने के लिए एक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# रिसर्च इनक्यूबेशन सेल

27 नवम्बर 2025 को महाविद्यालय में सेल द्वारा विद्यार्थियों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आईआईटी मंडी की सीनियर असिस्टेंट मैनेजर कैटालिस्ट सुश्री मिनी पाल तथा श्री मोहित ठाकुर मुख्य वक्ता के रुप में उपस्थित रहे। वक्ताओं ने स्टार्टअप के विकास के विभिन्न चरणों में कैटालिस्ट की भूमिका को विस्तार से समझाया तथा विद्यार्थियों को मार्गदर्शन किया कि कैसे विद्यार्थी अपने विचारों को एक सफल उद्यम में परिवर्तित कर सकते है।

सेल द्वारा 26 तथा 27 फरवरी 2026 को विद्यार्थियों के लिए कैटालिस्ट, आईआईटी मंडी के सहयोंग से दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सीनियर असिस्टेंट मैनेजर सुश्री मिनी पाल, सुश्री शिवानी, श्री कुशल दीप तथा श्री मोहित मुख्य वक्ता के रुप में उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने कार्यशाला में सक्रिय रुप से भाग लिया और कई नवाचारी विचार प्रस्तुत किए। इनमें जैविक मौसमी सब्जियों का विपणन, मशरुम की खेती, मधुमक्खी पालन, औषधीय एवं हर्बल पौधों की खती, पोल्ट्री फार्म की स्थापना तथा अन्य स्टार्टअप से जुड़े विचार सामने आए। मुख्य वक्ताओं द्वारा विद्यार्थियों को स्टार्टअप संबधी जानकारी प्रदान की गई तथा संबधित प्रश्नों के उतर भी दिए गए।

सेल द्वारा 6 मार्च 2026 को कैटालिस्ट आईआईटी मंडी के सहयोग से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री मोहित और श्री अभिषेक को मुख्य वक्ता के रुप में आमन्त्रित किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को बिजनेस मॉडल कैनवास तथा उसके नौ महत्वपूर्ण घटकों से परिचित कराना था।

# महिला प्रकोष्ठ

महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने एवं महिला सशक्तिकरण एवं बाल संरक्षण हेतु सत्र 2025–26 लिए महिला प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। इसके संयोजिका डॉ॰ रेनुका थपलियाल है। इस प्रकोष्ठ के अन्तर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, नई दिल्ली तथा उपायुक्त कुल्लू के निर्देशानुसार ''बाल विवाह के विरुद्ध राष्ट्रीय अभियान'' के अन्तर्गत 17 दिसम्बर 2025 को राजकीय महाविद्यालय बंजार में प्राचार्य प्रो. राजेश कुमार सिंह द्वारा छात्रों एवं कर्मचारियों को बाल विवाह के विरुद्ध शपथ दिलाई गई।

19 फरवरी 2026 को प्रकोष्ठ द्वारा डिविजन लीगल सर्विसस अथॉरटी की आशा इकाई से आए एडवोकेट श्री ओ. पी. पालसरा ने बाल विवाह मुक्त समाज पर अपने विचार महाविद्यालय के छात्रों के साथ सांझा किए। इस अभियान को जन–जन तक पंहुचाने के लिए छात्रों को प्रेरित किया गया तथा साथ ही उन्हे इस सामाजिक बुराई से दूर रहने का आहवाहन किया गया।

02 मार्च 2026 को प्रकोष्ठ द्वारा राष्ट्रीय बाल विवाह निषेध अभियान के अंतर्गत एक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को बाल विवाह जैसी कुप्रथा के दुषपरिणामों से अवगत करवाना तथा महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरुक करना था। कार्यक्रम के अन्तर्गत पोस्टर मेकिंग, भाषण तथा निबंध लेखन प्रतियोगिताएं करवाई गई।

# सड़क सुरक्षा क्लब

इस महाविद्यालय में डॉ. विकास कुमार के कुशल नेतृत्व में ''सड़क सुरक्षा क्लब'' द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

29 नवम्बर 2025 को सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा प्राचार्य श्री राजेश कुमार सिंह जी की अध्यक्षता में 'सड़क सुरक्षा जागरुकता' कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें नारा

लेखन, पोस्टर मेकिंग तथा भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की गई तथा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

30 दिसम्बर 2025 को राजकीय महाविद्यालय बंजार में क्लब द्वारा एक जागरुकता व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें क्लब के संयोजक डॉ. विकास कुमार द्वारा बच्चों को सड़क सुरक्षा के महत्व तथा सड़क सुरक्षा संबधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

20 फरवरी 2026 को क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रुप में श्री चन्द्रशेखर ठाकुर, एस.एच.ओ. बंजार उपस्थित रहे। श्री चन्द्रशेखर ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा संबधी नियमों से अवगत करवाया तथा बच्चों से सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए भी प्रेरित किया तथा बच्चों के सवालों के भी जवाब दिए।

06 मार्च 2026 को क्लब द्वारा सड़क हादसों के बाद होने वाले प्राथमिकी उपचार संबधी एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. अपूर्वा ठाकुर, चिकित्सा अधिकारी, गुशैणी रही। डॉ. अपूर्वा ने प्राथमिक उपचार संबधी महत्वपूर्ण जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की तथा विद्यार्थियों को व्यक्तिगत प्रशिक्षण भी दिया। विद्यार्थियों ने अपने कुछ सवालों के जवाब भी डॉ. अपूर्वा से प्राप्त किए।

## युवा पर्यटन क्लब

केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार महाविद्यालय में सितम्बर 2023 में पर्यटन क्लब की स्थापना की गई। इस क्लब में श्री रामानन्द जी को संयोजक, डॉ. श्रवण कुमार व डॉ. विकास कुमार को पर्यटन क्लब बंजार का सदस्य मनोनित किया गया।

23 अगस्त 2024 को पर्यटन क्लब के संयोजक की अध्यक्षता मे एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें हंस फॉउन्डेशन के खंड समन्वयक श्री निशान्त द्वारा पर्यावरण जागरुकता विषय पर छात्रों को संबोधित किया गया।

6 दिसम्बर 2024 को क्लब के सदस्यों ने वनों में आगजनी की घटनाओं को रोकने संबधित जागरुकता का प्रसार करने हेतु 'हिमालयन इकोटूरिज़म' के सौजन्य से संबधित विषय में चित्रों को महाविद्यालय परिसर में लगाया। इसमें कुल 10 छात्र–छात्राओं ने भाग लिया।

# खेल–कूद

शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रवेश शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में महाविद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने शतरंज, टेबल–टैनिस, वॉलीबाल, एथलैटिक्स, बॉस्केटबाल, हैंडबाल, भारोतोलन, ताईक्वांडो तथा वुशू खेलों की 14 अन्तर–महाविद्यालय प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

राजकीय महाविद्यालय लम्बाथाच में आयोजित सरदार पटेल विश्वविद्यालय की अन्तर–महाविद्यालय टेबल टैनिस प्रतियोगिता में महाविद्यालय की महिला टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीम में कशिश, प्रियंका ठाकुर, मनीषा ठाकुर तथा सुशीला शामिल रही। इसी प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में आर्यन ठाकुर, रोहित ठाकुर, लोकेन्द्र सिंह तथा अशमीत जंबाल की बदौलत महाविद्यालरय की टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर महाविद्यालय की प्रियंका ठाकुर, कशिश, रोहित ठाकुर तथा आर्यन ने सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी का अन्तर–विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में प्रतिनिधित्व कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

विश्वविद्यालय की वुशू प्रतियोगिता में बी0ए0 प्रथम वर्ष की प्रतिभा सेठी ने 52 कि0ग्रा0 भार वर्ग में रजत पदक, बी0ए0 द्वितीय वर्ष के छात्र योगेन्द्र ठाकुर ने 65 कि0ग्रा0 भार वर्ग में रजत पदक, बी0ए0 द्वितीय वर्ष की दिशा ठाकुर ने 56 कि0ग्रा0 भार वर्ग में कांस्य पदक तथा बी0ए0 द्वितीय वर्ष के सतेन्द्र ठाकुर ने 52 कि0ग्रा0 भार वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया।

अन्तर महाविद्यालय हैंडबॉल प्रतियोगिता में पहली बार भाग लेते हुए महाविद्यालय की पुरुष टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। टीम के खिलाड़ियों विकास कुमार, लाकेन्द्र ठाकुर तथा सतेन्द्र ठाकुर का चयन अन्तर–विश्वविद्यालय हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ।

बी0ए0 द्वितीय वर्ष की छात्रा चेताली ने उतर प्रदेश के लखनऊ स्थित इंटरग्रल यूनिवर्सिटी में आयोजित हुई उतर क्षेत्रिय महिला अन्तर–विश्वविद्यालय में वॉलीबाल प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी की महिला बॉलीवाल टीम का प्रतिनिधित्व कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया।

महाविद्यालय की बी0एससी0 प्रथम वर्ष की छात्रा मनीषा ठाकुर, बी0 ए0 द्वितीय वर्ष की छात्रा करीना चौहान तथा बी0ए0 अन्तिम वर्ष के विकास कुमार ने सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी की बॉस्केट बाल टीमों का उतर क्षेत्रिय अन्तर–विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में प्रतिनिधित्व किया।

सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी द्वारा आयोजित इन प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय की विभिन्न टीमों की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतू महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने टीम मैनेजर के रुप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य पर महाविद्यालय स्टॉफ के लिए टेबल–टैनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय परिसर में 28 फरवरी 2026 को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 150 छात्र–छात्राओं ने एथलैटिक्स की विभिन्न स्पर्धाओं तथा रस्सा कस्सी जैसे पारंपरिक खेलों में उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता में बी0ए0 तृतीय वर्ष के विकास कुमार को पुरुष वर्ग में तथा बी0ए0 तृतीय वर्ष की रजनी ठाकुर को सर्वश्रेष्ठ एथलीट का खिताब प्राप्त किया।

## हिन्दी विभाग

30 अक्टूबर 2025 को हिन्दी विभाग की प्रभारी श्रीमती लता देवी की उपस्थिति में हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया जिसके तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे भाषण, कविता पाठ, निबन्ध लेखन, सुलेख, नारा लेखन और चित्रकला, प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय बंजार के लगभग 250 छात्र एवं छात्राएं सभागार में उपस्थित रहे जिनमें से 54 छात्र छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

4 अक्टूबर 2025 को हिन्दी विभाग के विद्यार्थियों के लिए, हिन्दी विभाग और जीविकोपार्जन परामर्श एवं प्रस्थापन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में करियर विकल्प के बारे में प्रकोष्ठ संयोजक श्री दीपक कुमार सिंह की अध्यक्षता में चर्चा की गई।

## संविधान दिवस

महाविद्यालय के राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा 26 नवम्बर 2025 को एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें संविधान के इतिहास, मूल्यों और लोकतन्त्र को सशक्त बनाने में इसकी महता पर विचारशील भाषण दिए गए।

## विधिक प्रकोष्ठ

10 अक्टूबर 2025 को महाविद्यालय के विधिक प्रकोष्ठ द्वारा सेमिनार हॉल में ''विधिक सहायता एवं मानव गरीमा'' विषय पर विशेष व्याख्यान तथा पैनल चर्चा का आयोजन किया गया।

## अंग्रेज़ी विभाग व साहित्यिक परिषद्

12 अगस्त 2025 को अंग्रेज़ी विषय के विद्यार्थियों के लिए एक “Content Writers as Enterpreneurs : Turning Your Passion into a Buisness” नामक अन्तर्राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया जिसमें बी0ए0 प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय वर्ष के लगभग 25 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

29 सितम्बर 2025 को अंग्रेज़ी विभाग तथा साहित्यिक परिषद् के संयुक्त तत्वावधान में एक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय आपदा तथा आपदा ने लगभग एक महीने कैसे बच्चों की पढ़ाई को प्रभावित किया विषय पर अपने विचार सांझा किए।

30 अक्टूबर 2025 को हिन्दी विभाग एवं साहित्यिक परिषद् के संयुक्त तत्वावधान में हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

3 अक्टूबर 2025 को अंग्रेज़ी विभाग तथा जीविकापार्जन सेल के संयुक्त तत्वावधान में अंग्रेजी विषय में रोजगार के अवसर विषय पर एक सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में डॉ. लीना वैद्या द्वारा विद्यार्थियों को अंग्रेज़ी विषय में रोजगार के क्षेत्र तथा अवसरों के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

14 अक्टूबर 2025 को अंग्रेज़ी विभाग के द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए 'अनुवाद, भाषान्तर तथा रुपान्तर' विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान की मुख्य वक्ता सुश्री लता देवी ने विद्यार्थियों को विषय संबधी संपूर्ण जानकारी प्रदान की।

16 अक्टूबर 2025 को "Basic Research Methdology" नामक विषय पर एक सत्र का आयोजन किया गया जिसका उदेश्य विद्यार्थियों को रिसर्च की मूलभूत जानकारी प्रदान करना था। इस सत्र के मुख्य वक्ता श्री ईशान मारवेल, सहायक प्राध्यपाक अंग्रेज़ी, राजकीय महाविद्यालय हरिपुर रहे।

## जैवविविधता (Biodiversity) क्लब

05 दिसम्बर 2024 को महाविद्यालय में Conservetor of forests, Kullu के दिशा निर्देशानुसार जैवविविधता क्लब का गठन किया गया जिसके नोडल हैड डॉ. लीना वैद्या तथा डॉ. विकास कुमार चुने गए। इस क्लब का मुख्य उदेश्य विद्यार्थियों को वन संरक्षण, पौधों, जानवारों और सूक्ष्म जीवों की विविधता और उसके संरक्षण से परिचित करवाना है। वर्ष 2025–26 के लिए जैवविविधता क्लब की गतिविधयां इस प्रकार है–

'विश्व धरोहर उत्सव' के उपलक्ष्य पर ग्रेट हिमालयल नेशनल पार्क शाईरोपा द्वारा विभिन्न गतिविधयों का आयोजन किया गया। 23 जून 2025 को प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में बी0ए0 तृतीय वर्ष की छात्रा राधिका तथा योपिन्दर ने भाग लिया। 24 जून 2025 को जी0एच0एन0पी0 प्रिमियर लीग में महाविद्यालय की टीम ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उप विजेता का खिताब अपने नाम किया।

जनवरी 2026 में जिला कुल्लू के विभिन्न महाविद्यालयों के जैव विविधता क्लब के विद्यार्थियों के लिए वन विभाग द्वारा सिक्किम भ्रमण का आयोजन किया गया जिसमें

महाविद्यालय के बी0ए0 तृतीय वर्ष की छात्रा राधिका तथा बी0ए0 तृतीय वर्ष के छात्र योपिन्दर ने भाग लिया।

## शैक्षणिक भ्रमण

25 फरवरी 2026 को श्री राजीव परमार जी द्वारा जीव विज्ञान के विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। यह भ्रमण जीव विज्ञान के विद्यार्थियों के लिए एक तकनीकी फील्ड विजिट हिमाचल प्रदेश मत्स्य विभाग, ट्राउट फार्म हमनी बंजार, जिला कुल्लू में आयोजित की गई। इस भ्रमण में विद्यार्थियों ने ठंडे पानी में होने वाली मत्स्य पालन की प्रक्रिया को व्यवहारिक रुप से समझा, विशेष रुप से तीर्थन घाटी क्षेत्र में ट्राउट मछलियों के प्रजनन तथा प्रबंधन के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस भ्रमण का उद्देश्य ट्राउट मछलियों के जीवन चक्र, प्रजनन तकनीक, पर्यावरणीय परिस्थितियां तथा एक कार्यशील मछली फार्म की संरचना इत्यादि को समझना रहा।

जीव विज्ञान के छात्रों के लिए 5 नवम्बर 2025 को जी0एच0एन0पी0 शाईरोपा में एक दिवसीय भ्रमण को आयोजन किया गया। यह भ्रमण श्री राजीव परमार (वनस्पति विज्ञान) के नेतृत्व में किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को प्राकृतिक वातावरण में जैव विविधता, पारिस्थितिक संतुलन और संरक्षण प्रयासों की प्रत्यक्ष जानकारी प्रदान करना था। इस भ्रमण ने कक्षा में प्राप्त ज्ञान को व्यवहारिक अनुभव से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## मध्यावधि परीक्षाएं

विद्यार्थियों की शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाने तथा गुणवता युक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए सरदार पटेल विश्वविद्यालय ने आंतरिक मूल्यांकन अंक पद्धति का तरीका अपनाया है। इस महाविद्यालय में परीक्षा नियंत्रक डॉ. योगराज के कुशल नेतृत्व में प्रत्येक विषय में परीक्षा ली जाती है तथा विद्यार्थियों के द्वारा प्राप्त अंक, उपस्थिति तथा कक्षा परीक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर आंतरिक मूल्यांकन किया जाता है।

# स्वच्छता अभियान

महोदय जी, ''स्वच्छ भारत अभियान'' के उदेश्य को साकार करने एवं विद्यार्थियों को पर्यावरण एवं कार्यस्थल की स्वच्छता के महत्व को साकार करने के लिए महाविद्यालय परिसर एवं भवन में नियमित रुप से एन.सी.सी., एन.एस.एस. रोवर्स एंड रेंजर्स एवम् अन्य विद्यार्थियों द्वारा प्राध्यापकों की देख रेख में क्रमावर्तन (Rotation) में सफाई की जाती है।

# धन्यवाद ज्ञापन

महोदय जी, आज भौतिकवाद के युग में व्यक्ति, समाज तथा राष्ट्र के बौद्धिक विकास के लिए शिक्षा की प्रासंगिकता को नकारा नही जा सकता। ऐसे में श्रृंगा ऋषि जी की पावन धरा एवं सुन्दर प्रकृति की गोद में बसी इस संस्था को कई मील के पत्थर स्थापित करने है। अन्त में मै समस्त महाविद्यालय परिवार (प्राध्यापक वर्ग, कर्मचारीवर्ग, अध्यापक अभिभावक संघ) एवं समस्त विद्यार्थियों की ओर से माननीय मुख्य अतिथि जी का एक बार पुनः आभार प्रकट करता हूँ जिन्होने अपना अमूल्य समय निकालकर इस वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में पधार कर हम सबका उत्साहवर्धन किया। मैं महाविद्यालय परिवार एवं छात्र व छात्राओं का धन्यवाद करना चाहता हूँ जिन्होने इस समारोह को सफल बनाने में अपना योगदान दिया है। अध्यापक अभिभावकसंघ के प्रधान एवं समस्त कार्यकारिणी के प्रति भी आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होने महाविद्यालय के विकासात्मक कार्यों में सदैव सहयोग दिया है। विभिन्न विभागों से आए विभागाध्यक्षों, अधिकारियों का इस कार्यक्रम में शामिल होकर इसकी शोभा बढ़ाने के लिए धन्यवाद करता हूँ, साथ में पत्रकार बन्धुओं का भी धन्यवाद करता हूँ।

मैं उन सभी प्रतिभाशाली छात्र व छात्राओं को बधाई देता हूँ, जिन्हे आज पुरस्कार प्राप्त करने का अवसर मिला है और आशा करता हूँ कि आगामी वर्षों में सभी विद्यार्थी सफलता की ऊंचाई प्राप्त करेंगे। आगामी परीक्षाओं के लिए मैं सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देता हूँ। अन्त में, मैं एक बार पुनः मुख्य अतिथि श्री राम सिंह मियां जी का तहे दिल से धन्यवाद करता हूँ जिन्होने हमारे निमन्त्रण को स्वीकार कर महाविद्यालय में आने की कृपा की।

# महाविद्यालय बन्जार के शिक्षक वर्ग की सूची

| क्र.सं. | शिक्षक कर्मचारी | पद |
|---|---|---|
| 1. | प्रो. राजेश कुमार सिंह | प्राचार्य |
| 2. | डॉ. रेणुका थपलियाल | भूगोल विभाग |
| 3. | डॉ. रमेश यादव | जीव विज्ञान विभाग |
| 4. | डॉ. प्रवेश शर्मा | शारीरिक शिक्षा विभाग |
| 5. | डॉ. योग राज | लोक प्रशासन विभाग |
| 6. | डॉ. प्रोविन्दर कुमार | वणिज्य विभाग |
| 7. | डॉ. सुरेन्द्र सिंह | राजनीतिशास्त्र विभाग |
| 8. | डॉ. डाबेराम | वणिज्य विभाग |
| 9. | श्री. रामानन्द | समाजशास्त्र विभाग |
| 10. | डॉ. विकास कुमार | संगीत विभाग |
| 11. | श्री. टिकम राम | इतिहास विभाग |
| 12. | श्री. विकास नेगी | गणित विभाग |
| 13. | डॉ. श्रवण कुमार | अर्थशास्त्र विभाग |
| 14. | डॉ. अनिल कुमार | गणित विभाग |
| 15. | श्री. हेमेन्द्र सिंह | भौतिकी विभाग |
| 16. | श्री. अंशुल | संगीत विभाग |
| 17. | कुमारी लता देवी | हिन्दी विभाग |

# महाविद्यालय बन्जार के गैर–शिक्षक वर्ग की सूची

| क्र.सं. | गैर शिक्षक कर्मचारी वर्ग | पद |
|---|---|---|
| 1. | श्री प्रभात | पुस्तकालय सहायक |
| 2. | श्री गोविन्द राम | अधीक्षक ग्रेड–1 |
| 3. | श्री चन्द्रकांत | अधीक्षक ग्रेड–2 |
| 4. | श्रीमति शोभा देवी | वरिष्ठ प्रवक्ता सहायक |
| 5. | श्री हिम्मत राम | वरिष्ठ प्रवक्ता सहायक |
| 6. | श्री भोला राम | कनिष्ठ प्रवक्ता सहायक |
| 7. | श्री नीरत सिंह | कनिष्ठ प्रवक्ता सहायक |
| 8. | श्री जीतराम | मेहतर |
| 9. | श्रीमती संध्या देवी | सेवादार |
| 10. | श्रीमति सोनू देवी | सेवादार |
| 11. | श्री कमली राम | सेवादार |